Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title : Need for eviction of encroachers from railway land near Bina station in Sagar, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर मध्य प्रदेश के बीना स्टेशन के आसपास रेलवे की सैकड़ों एकड़ जगह अनुपयोगी एवं खाली पड़ी है, जिसका रेलवे द्वारा उपयोग नहीं होने से कुछ प्रभावशाली लोगों ने उस जमीन पर अनाधिकृत कब्जा कर लिया है तथा अघोाति रूप से उसके मालिक बन कर उस जगह को अन्य लोगों को ठेके पर कृाि कार्य करने के लिए दे दिया है। एक तरफ रेलवे प्रशासन रेलवे की खाली जगह के व्यवसायिक उपयोग की योजनाएं विभिन्न स्टेशनों पर बना रही है दूसरी तरफ बीना की इतनी बड़ी जगह के प्रति उदासीनता का दृटिकोण अपना रही है। जबकि बीना में बीना रिफायनरी का कार्य प्रारम्भ होने जा रहा है जिससे बीना में भूमि की कीमतें आसमान छू रही हैं तथा बीना की सबसे महत्वपूर्ण जगह रेलवे के पास ही है, जिसका व्यवसायिक उपयोग करके रेलवे उस भूमि का सही उपयोग तथा राजस्व आय में वृद्धि कर सकती है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि बीना में रेलवे की भूमि अनाधिकृत कब्जों से वापिस ले कर उस भूमि का व्यवसायिक उपयोग हेतु कार्यवाही करने का सहयोग करे।